दिनांक : 29.06.2026 समय : 07.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

**मुख्य समाचार,**

1- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज दूसरे रक्षा अलंकरण समारोह में वीरता पुरस्कार प्रदान किए।

2- केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा- मध्यप्रदेश हरित ऊर्जा का पावर हाउस बन रहा है। नीमच और शाजापुर सोलर पार्क का किया उद्घाटन।

3- राज्यपाल से मिले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, यूसीसी समेत विभिन्न योजनाओं और विकास कार्यों की दी जानकारी।

और

4- प्रदेश के 6 जिलों में आज भारी बारिश का अलर्ट, 40 जिलों में अब भी मानसून का इंतजार।

---------

राष्ट्रपति-वीरता पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति भवन में आयोजित दूसरे रक्षा अलंकरण समारोह में वीरता पुरस्कार प्रदान किए। एयर मार्शल तरुण चौधरी, लेफ्टिनेंट जनरल नीरज वार्ष्णेय, लेफ्टिनेंट जनरल विकास रोहेला, लेफ्टिनेंट जनरल हरबिंदर सिंह वंद्रा और लेफ्टिनेंट जनरल मोहिंदर पाल सिंह को अति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया।

उपराष्ट्रपति सी.पी राधाकृष्णन, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, अन्य केंद्रीय मंत्री और सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे। ये पुरस्कार सशस्त्र बलों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के कर्मियों द्वारा असाधारण वीरता के कार्यों को मान्यता देने के लिए दिए जाते हैं। ये पुरस्कार जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर और देश की सीमाओं पर आतंकवाद, उग्रवाद और शत्रुतापूर्ण खतरों के खिलाफ भारत की निरंतर लड़ाई को दर्शाते हैं, साथ ही विमानन, समुद्री अभियानों और मानवीय मिशनों में असाधारण साहस के कार्यों को भी मान्यता देते हैं।

**सौर ऊर्जा**

केंद्रीय नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा है कि भारत दुनिया का दूसरा देश है, जहां रेलवे का 100% इलेक्ट्रिफिकेशन हो चुका है। उन्होंने मध्यप्रदेश सरकार की सराहना करते हुए कहा कि रेलवे को यहां से बिजली मिल रही है। श्री जोशी नीमच में आयोजित ऊर्जा पार्क के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। यहां मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की उपस्थिति में सिंगल क्लिक के माध्यम से 2 हजार 80 करोड़ रुपये लागत के 500 मेगावॉट नीमच और 450 मेगावॉट शाजापुर सोलर पार्क का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 1 हजार 553 करोड़ 98 लाख रुपये लागत के उद्योगों एवं अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया। केंद्रीय मंत्री ने यहां कहा कि मध्यप्रदेश हरित ऊर्जा का पावर हाउस बन रहा है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने सोलर पावर यूनिट स्थापित करने वाली कंपनियों के पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने यहां विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सबसे सस्ती बिजली अब नीमच मिलेगी।

**प्रधानमंत्री - सेशेल्स यात्रा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सेशेल्स की उनकी यात्रा काफी सार्थक रही और इससे भारत-सेशेल्स मित्रता सुदृढ़ होगी। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले पचास वर्षों में दोनों देशों के बीच संबंध गहरे विश्वास और साझा प्रगति पर आधारित रहे हैं। अगले पचास वर्ष में ये संबंध नवाचार, स्थिरता और साझा समृद्धि से परिभाषित होंगे। उन्होंने सेशेल्स की स्वतंत्रता के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित राष्ट्रीय दिवस समारोह में भाग लेने पर भी प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हरमाइनी, सरकार और सेशेल्स के लोगों को धन्यवाद दिया।

राज्यपाल भेंट

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने आज राज्यपाल मंगुभाई पटेल से लोक भवन पहुंचकर सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्यपाल को मध्यप्रदेश में समान नागरिक संहिता-यूसीसी लागू करने को लेकर 9 लाख से अधिक सुझाव प्राप्त होने, यूसीसी को लेकर मिल रहे

व्यापक जन समर्थन एवं इस संदर्भ में राज्य सरकार की आगामी कार्य योजना से भी अवगत कराया। प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान के सफल क्रियान्वयन, गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा में प्रस्तावित शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों, 4 कृषि उपजों को हाल ही में मिले जीआई टैग से संबंधित किसानों को मिलने वाले लाभ, सौर ऊर्जा परियोजनाओं के विस्तार, एमएसएमई एवं स्टार्ट-अप को प्रोत्साहन, औद्योगिक निवेश और रोजगार सृजन से जुड़े विभिन्न प्रयासों एवं सरकार को मिली उपलब्धियों पर भी विस्तार से चर्चा हुई।

छतरपुर बैठक

छतरपुर में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आज जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा टीकमगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. वीरेंद्र कुमार ने की। बैठक में प्रमुख रूप से विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना,, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, जल निगम एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सहकारिता विभाग, वेयरहाउसिंग तथा नागरिक आपूर्ति निगम से संबंधित विषयों की समीक्षा की गई। बैठक में केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी पात्र वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड विशेष अभियान चलाकर बनाए जाएं, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही इस सुविधा से वंचित न रहे।

**पन्ना हीरा**

पन्ना जिले में एक बार फिर एक आदिवासी किसान परिवार की किस्मत बदली है। यहां अहिरगवां क्षेत्र की एक निजी भूमि पर संचालित खदान से इस परिवार को 11.19 कैरेट का बेशकीमती जेम्स क्वालिटी का हीरा मिला है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 30 लाख रुपये बताई जा रही है। दिलचस्प बात यह है कि इसी परिवार को करीब दो साल पहले भी 19.22 कैरेट का एक विशाल हीरा मिला था, जो नीलामी में 93 लाख रुपये में बिका था। हीरा कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि मजदूर राकेश गौड़ ने इसी साल अप्रैल में पट्टा बनवाकर अपने तीन भाइयों और रिश्तेदारों के साथ मिलकर खदान लगाई थी। करीब दो महीने की कड़ी मेहनत के बाद सोमवार को उन्हें यह चमचमाता हीरा हाथ लगा, जिसे उन्होंने तुरंत सरकारी हीरा कार्यालय में जमा करा दिया है।

**मौसम**

प्रदेश में मानसून की रफ्तार फिलहाल थमी हुई है। अभी तक केवल 15 जिलों तक मानसून पहुंच पाया है, जबकि 40 जिलों में अब भी इसकी आमद नहीं हुई है। इस बीच मौसम विभाग ने

आज छह जिलों में भारी बारिश और कई अन्य जिलों में तेज वर्षा का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार उज्जैन, देवास, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, मंडला और बालाघाट में अगले 24 घंटों के दौरान 4 इंच या उससे अधिक बारिश होने की संभावना है। इसके अलावा भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, इंदौर, झाबुआ, अलीराजपुर, धार, बुरहानपुर सहित कई जिलों में तेज बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

सतना से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में शाम में तेज बारिश हुई। जिससे लोगो को गर्मी से राहत मिली।

**अतिक्रमण मुक्त**

खंडवा जिले में वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि गुड़ी रेंज के ग्राम आमाखुजरी में 105 हेक्टेयर वन क्षेत्र से अतिक्रमण हटाया गया। इस कार्रवाई का जायजा कलेक्टर ऋषव गुप्ता और पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने लिया।

खंडवा वन मंडल की गुड़ी रेंज के ग्राम आमाखुजरी में वन विभाग, पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने लगभग तीन दर्जन जेसीबी मशीनों की मदद से 105 हेक्टेयर वन क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पूरी की।

**संक्षिप्त समाचार**

1- मंदसौर में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने ग्राम गुर्जरबर्डिया में लगभग 333 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित गुर्जरबर्डिया–महादेव मंदिर मार्ग, आरोग्यम उप स्वास्थ्य केंद्र एवं राधा-कृष्ण गौशाला का लोकार्पण किया।

2- जनजातीय कार्य विभाग ने छात्रावास एवं आश्रमों में निवासरत विद्यार्थियों की शिष्यवृत्ति की दरों में वृद्धि करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है।

3- खंडवा जिले की सात शासकीय आईटीआई संस्थाओं में 1480 सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया जारी है। प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी 30 जून तक ऑनलाइन आवेदन एवं त्रुटि सुधार कर सकते हैं।

4- पर्यावरण और वनों के संरक्षण एवं हरित क्षेत्र के विस्तार हेतु धार वन मंडल के अंतर्गत वन मंडल स्तरीय रूट शूट वृक्षारोपण तकनीक' प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

5- आगरमालवा कलेक्टर प्रीति यादव ने आज आयोजित टीएल बैठक में वर्षाकाल में मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए।

6- मैहर जिले में बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से “ऑपरेशन सेफ क्लिक” अभियान के तहत जागरूकता रथ रवाना किया गया।

-----------------------